DOVER CORPORATION

# आपूर्तिकर्ता आचार संहिता



# हमारे उपाध्यक्ष, ग्लोबल सोर्सिंग का पत्र

1955 में Dover की स्थापना के समय से ही, दुनिया भर की हमारी टीमें गुणवत्ता के लिए हमारी प्रतिष्ठा को बनाए रखने और उसे बढ़ाने, और हमारे ग्राहकों को बेजोड़ उत्पाद और सेवा प्रदान करने के बारे में अडिग हैं। यह डोवर को उन सभी बाज़ारों में अग्रणी बनाने के हमारे प्रयासों का एक अनिवार्य भाग है, जहाँ हम कार्य करते हैं। Dover में हम सभी को गर्व है कि हमने पिछले कुछ वर्षों में अपने व्यवसाय के प्रत्येक कार्य का संचालन ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के साथ किया है।

Dover, अपने व्यवसाय का संचालन, क़ानून के अनुसार और नैतिक रूप से करने की अपनी प्रतिष्ठा को महत्व देता है। अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप ही, Dover उन सभी के साथ व्यवसाय करना चाहता है, जो उसकी संस्कृति, मूल्यों, और नैतिक व्यवसाय प्रथाओं में साझेदार हों। Dover ने इस आपूर्तिकर्ता आचार संहिता मार्गदर्शिका का विकास, अपने आपूर्तिकर्ताओं को दुनिया भर में उनके कार्यों में नैतिक, जवाबदेह, और कानूनी व्यवसाय प्रथाओं में शामिल होने के तरीकों पर मार्गदर्शन देने के लिए किया है।

ये अपेक्षाएं, Dover द्वारा उसके अपने कर्मचारियों, अधिकारीयों, और निदेशकों के लिए निर्धारित मानकों को प्रदर्शित करती हैं, जिनका वर्णन Dover व्यवसाय आचरण व आचार संहितामें किया गया है।

Dover अपने आपूर्तिकर्ताओं के लिए निम्नलिखित को आवश्यक बनाता है:

- ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के साथ कार्य करना
- जिन देशों में आप व्यवसाय करते हैं, उनमें अपने व्यवसाय पर लागू होने वाले कानूनों और विनियमों को समझना और उनका पालन करना
- इस आपूर्तिकर्ता आचार संहिता को पढ़ना, समझना, और उसका पालन करना
- अपने प्रत्येक अधिकारी, निदेशक, कर्मचारी, अन्य कर्मचारियों, प्रतिनिधियों, एजेंटों, उप-अनुबंधकर्ताओं, और सब-टियर स्रोतों द्वारा इस आपूर्ति संहिता के साथ अनुपालन सुनिश्चित करना जो Dover को उत्पाद और सेवा प्रदान करने से संबंधित खरीद और उत्पादन प्रक्रिया में शामिल हों
- निरीक्षण, ऑडिट, और जांच में सहयोग करें

हम अपेक्षा करते हैं कि हमारे आपूर्तिकर्ता, नैतिक व्यवसाय प्रथाओं को अपनाएं। हम इन सिद्धांतों को बनाए रखने और उन पर बल देने के आपके पुनर्संकल्प की सराहना करते हैं।

भवदीय,



स्टीवन काटज़फ़ेई



**I. परिचय** .......... 4
क. उद्देश्य और प्रयोज्यता .......... 4

**II. प्रयोज्य कानूनों, नियमों, और विनियमों का अनुपालन** .......... 5
क. रिश्वत-रोधी और भ्रष्टाचार-रोधी .......... 5
ख. उपहार, मनोरंजन, और आतिथ्य .......... 5
ग. वैश्विक व्यापार अनुपालन .......... 5
घ. उचित सौदा और प्रतिस्पर्धा कानून .......... 6
ङ. हितों का टकराव .......... 6
च. एंटी मनी लॉन्ड्रिंग .......... 6
छ. संघर्ष खनिज .......... 6
ज. पर्यावरण .......... 7
झ. अंदरूनी जानकारी .......... 7

**III. डोवर की परिसंपत्तियों, जानकारी, और प्रतिष्ठा का संरक्षण** .......... 7
क. बौद्धिक संपदा .......... 7
ख. गोपनीय जानकारी, डेटा सुरक्षा, और गोपनीयता .......... 7
ग. रिकॉर्ड प्रबंधन और निरीक्षण, ऑडिट, और जांच में सहयोग .......... 8

**IV. निष्पक्ष और सुरक्षित कार्यस्थल बनाए रखें** .......... 8
क. सुरक्षा .......... 8
ख. नैतिक रोज़गार प्रथा और गैर-भेदभाव नीति .......... 9

**V. किस प्रकार से चिंताओं की रिपोर्ट की जाए** .......... 9

व्यवसाय में शामिल होने से पहले या मौजूदा व्यावसायिक संबंध के दौरान, Dover द्वारा इस आपूर्तिकर्ता संहिता के अनुपालन का मूल्यांकन करने और डोवर की व्यावसायिक आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए अपने आपूर्तिकर्ताओं और उनके स्वामियों और प्रमुख कर्मचारियों पर यथोचित उद्यम का संचालन किया जा सकता है। इस यथोचित उद्यम में निगरानी सूचियों और प्रतिबंध सूचियों की जांच के साथ-साथ कंपनियों और अलग-अलग व्यक्तियों के बारे में उपलब्ध सार्वजनिक अन्य जानकारी की जांच शामिल हो सकती है। आपकी व्यक्तिगत जानकारी का हमारे द्वारा किया जाने वाला कोई भी उपयोग www.dovercorporation.com में उपलब्ध हमारी गोपनीयता सूचना के अनुसार किया जाएगा। एकत्र रिकॉर्ड का अनुरक्षण डोवर नीति के अनुसार किया जाएगा जिसे अनुरोध करने पर देखा जा सकता है।



# परिचय

### A. उद्देश्य और प्रयोज्यता

यह आपूर्तिकर्ता आचार संहिता डोवर व्यवसाय आचरण व आचार संहिता का एक विस्तार है। यह संहिता, Dover के साथ व्यवसाय का संचालन करने के लिए मानकों का निर्धारण करती है। डोवर द्वारा उसके आपूर्तिकर्ताओं से मांग और अपेक्षा की जाती है कि वे इस संहिता का प्रयोग उनके कार्यों में नैतिक, जवाबदेह, और कानूनी व्यवसाय प्रथाओं के लिए मार्गदर्शिका के रूप में प्रयोग करें।

इस आपूर्तिकर्ता संहिता द्वारा प्रयोज्य समझौतों में किसी भी नियम व शर्तों को बदला नहीं जाता है, और न ही इसके द्वारा आपूर्तिकर्ताओं या दूसरों के लिए संविदात्मक अधिकारों का निर्माण किया जाता है। डोवर द्वारा समय-समय पर इस आपूर्तिकर्ता संहिता का अद्यतन किया जाएगा और आपूर्तिकर्ताओं से ताज़ा जानकारी ग्रहण करने की अपेक्षा की जाती है।

"डोवर" का अर्थ है डोवर कॉर्पोरेशन, जिसमें उसके खंड, प्लेटफ़ॉर्म, संचालन कंपनियां, और सहायक कंपनियां शामिल हैं।

"आपूर्तिकर्ता संहिता" का अर्थ है आपूर्तिकर्ता आचार संहिता। "आपूर्तिकर्ता" या "आप" का अर्थ है कोई कंपनी, कॉर्पोरेशन, या अन्य निकाय या व्यक्ति जो कि डोवर को माल या सेवा की बिक्री करता है, बिक्री की प्रार्थना करता है, जिसमें आपूर्तिकर्ता के कर्मचारी, अन्य कर्मचारी, प्रतिनिधि, एजेंट, उप-अनुबंधकर्ता, और अन्य सब-टियर स्रोत शामिल हैं।

# प्रयोज्य कानूनों, नियमों, और विनियमों के साथ अनुपालन

प्रत्येक आपूर्तिकर्ता को उन देशों में अपने व्यवसाय पर लागू होने वाले कानूनों और नियमों का पालन करना चाहिए, जहां वे व्यवसाय करते हैं। हालांकि कानून, विनियम, व्यवसाय प्रथाएं, और रिवाज़ हर देश के लिए अलग-अलग हो सकते हैं, इस आपूर्तिकर्ता संहिता द्वारा न्यूनतम आवश्यकताओं को निर्धारित किया गया है जिसका पालन डोवर के सभी आपूर्तिकर्ताओं को करना चाहिए।

### A. रिश्वत-रोधी और भ्रष्टाचार-रोधी

व्यवसाय हासिल करने या अनुचित लाभ प्राप्त करने के लिए रिश्वत या किसी भी मूल्यवान वस्तु की पेशकश करना या भुगतान करना अस्वीकार्य है, फिर चाहे परिणामस्वरुप व्यवसाय की हानि हो या कठिनाइयों का सामना करना पड़े (उदाहरण के लिए, परमिट या लाइसेंस प्राप्त करने में देरी)। रिश्वत और अन्य प्रकार के भ्रष्ट भुगतान से एक से अधिक भ्रष्टाचार-रोधी कानूनों का उल्लंघन हो सकता है और जिसके कारण अलग-अलग व्यक्तियों, डोवर के आपूर्तिकर्ताओं, और डोवर को नागरिक और आपराधिक देयता और गंभीर दंड चुकाना पड़ सकता है। उल्लंघन से भविष्य में सरकारी अनुबंधों की हानि भी हो सकती है। डोवर के आपूर्तिकर्ता किसी भी रूप में भ्रष्टाचार, जबरन वसूली, या गबन में शामिल होने से प्रतिबंधित हैं।

खतरे के संकेत के उदाहरण

- खर्चीले या एक से अधिक उपहारों या मनोरंजन की पेशकश
- ऐसे तृतीय पक्ष, जो स्पष्ट रूप से उनके खर्चों के लिए उत्तरदायी नहीं हों या जिनके कमीशन प्रदान की गई सेवाओं से अधिक दिखाई देते हों
- ऐसे ग्राहक या अधिकारी जो इस बात का संकेत या सुझाव देते हों कि व्यवसाय या जानकारी प्राप्त करने के लिए कुछ निश्चित भुगतान किए जाने की आवश्यकता है
- एक अनुरोध कि तृतीय पक्ष द्वारा किसी मामले को जैसे कस्टम से मंज़ूरी को शीघ्रता से संभालने के लिए अधिकारी को भुगतान किया जाए

### B. उपहार, मनोरंजन, और आतिथ्य

डोवर के आपूर्तिकर्ताओं द्वारा डोवर के कर्मचारियों, ग्राहकों, या अन्य व्यवसाय भागीदारों या उनके परिवार के सदस्यों को या उनसे किसी उपहार, पक्ष, भोजन, मनोरंजन, या आतिथ्य की पेशकश करते समय या स्वीकार करते समय इस आपूर्तिकर्ता संहिता और कानून को समझना और उसका पालन करना आवश्यक बनाया गया है। ऐसा कोई उपहार, मनोरंजन, या आतिथ्य प्रथागत क्षेत्रीय व्यवसाय प्रथाओं और उसे प्राप्त करने वाले की नीतियों के साथ संगत होना चाहिए - और यदि सार्वजनिक रूप से प्रकट किया गया तो इससे डोवर या आपूर्तिकर्ता की प्रतिष्ठा गंभीर रूप से प्रभावित नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा, डोवर के आपूर्तिकर्ताओं द्वारा इन प्रथाओं में शामिल होते समय हितों का टकराव उत्पन्न नहीं होना चाहिए या ऐसा प्रतीत नहीं होना चाहिए

खतरे के संकेत के उदाहरण

- सरकारी अधिकारी को उपहार या मनोरंजन
- सामान्य मूल्य से अधिक के उपहार या मनोरंजन
- Dover के किसी ऐसे कर्मचारी को किसी भी मूल्य के उपहार या मनोरंजन की पेशकश करना, जो उपहार देने वाले व्यक्ति के बारे निर्णय लेने की स्थिति में हो
- अनुचित उपहार जैसे नकद
- निविदा प्रक्रिया के दौरान पेश किए गए उपहार या मनोरंजन

### C. वैश्विक व्यापार अनुपालन

Dover के आपूर्तिकर्ताओं के लिए आयात, निर्यात, और पुनर्निर्यात नियंत्रण विनियमों के साथ-साथ लागू व्यापार रोक, प्रतिबंध, और बहिष्कार-रोधी कानूनों सहित लागू सभी अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानूनों और विनियमों का पालन करना आवश्यक है।

खतरे के संकेत के उदाहरण

- वे आपूर्तिकर्ता जो आयातित माल पर शुल्क कम करने के लिए आयात के साथ कम मूल्य वाला चालान प्रदान करने का प्रयास करते हैं या एंटी-डंपिंग शुल्क से बचने के लिए चालानों पर माल का गलत वर्गीकरण करते हैं
- वे आपूर्तिकर्ता जो वास्तविक उद्गम देश या सामग्री छुपाने के लिए ज़रुरत से ज्यादा उत्पाद लादते हैं जो कि आयात करने वाले देश द्वारा सीमा बंधन या प्रतिबंध के अधीन हो



## D. उचित सौदा और प्रतिस्पर्धा कानून

बिना गड़बड़ी या छुपाव के, ग्राहकों और व्यवसाय भागीदारों के साथ निष्पक्षता से प्रतिस्पर्धा और सच्चाई से क्रय-विक्रय करके ही डोवर द्वारा सफलता प्राप्त की जाती है। डोवर के आपूर्तिकर्ताओं के लिए विज्ञापन, बिक्री, और प्रतिस्पर्धा में उचित व्यवसाय मानकों को बनाए रखने की आवश्यकता होती है। Dover के आपूर्तिकर्ताओं के लिए उन सभी स्थानों पर प्रयोज्य स्पर्धारोधी और प्रतिस्पर्धा कानूनों का पालन करना आवश्यक है, जहां वे व्यवसाय करते हैं। ये कानून प्रतिस्पर्धियों के बीच समझौतों को रोकते हैं जो कि कीमतों, लागतों, बिक्री के नियम व शर्तों, वे बाज़ार जहां वे प्रतिस्पर्धा करते हों, या ग्राहक या आपूर्तिकर्ता जिनके साथ वे व्यवसाय करेंगे, उन्हें प्रभावित करते हों। इन कानूनों द्वारा वितरण समझौतों, कटौती, छूट, या पुनःविक्रेताओं पर क्षेत्रीय प्रतिबंध भी विनियमित किए जा सकते हैं।

खतरे के संकेत के उदाहरण

- कोई भी प्रतिस्पर्धी जो कीमत निर्धारण, बोली, बिक्री, या क्षेत्र जैसी प्रतिस्पर्धात्मक जानकारी पर विचार-विमर्श करने का प्रयास करता हो
- व्यापार संघों, बैठकों, या कार्यक्रमों पर जहां प्रतिस्पर्धी उपस्थित हों, कीमतों, बाज़ार, लाभ, या प्रतिस्पर्धियों की रुचि के अन्य विषयों पर विचार-विमर्श

## E. हितों का टकराव

Dover के आपूर्तिकर्ताओं को आपूर्तिकर्ता के हितों और डोवर के हितों के बीच हितों के वास्तविक या आभासी टकराव में शामिल होने से बचना चाहिए। हितों के किसी वास्तविक या प्रत्यक्ष टकराव को प्रकट करना चाहिए।

खतरे के संकेत के उदाहरण

- आपूर्तिकर्ता का कर्मचारी डोवर के मौजूदा या संभावित प्रतिस्पर्धी के पास दूसरी नौकरी करता है
- किसी आपूर्तिकर्ता का Dover (सार्वजनिक कंपनियों में मामूली निवेश को छोड़कर) के मौजूदा या संभावित प्रतिस्पर्धी में स्वामित्व संबंधी महत्वपूर्ण हित मौजूद है

## F. एंटी मनी लॉन्ड्रिंग

डोवर द्वारा वैध स्रोतों से प्राप्त धन के प्रयोग से ही वैध व्यवसाय गतिविधियों में शामिल प्रतिष्ठित आपूर्तिकर्ताओं के साथ व्यवसाय किया जाता है। Dover के आपूर्तिकर्ताओं के लिए मनी लॉन्ड्रिंग से संबंधित लागू कानूनों का पालन करना आवश्यक है।


खतरे के संकेत के उदाहरण

- ग्राहक या भागीदार से नकद में कोई प्रस्तावित या वास्तविक भुगतान
- वे ग्राहक जो माल या सेवाओं के लिए अधिक भुगतान करते हैं, और फिर धन वापसी का अनुरोध करते हैं
- कोई ग्राहक, आपूर्तिकर्ता, एजेंट, या भागीदार जो अधूरी या संदेहास्पद जानकारी प्रदान करता है
- ऐसे असामान्य स्रोतों को/से या देशों को/से दिया/लिया गया धन जिनका संबंध सामान्य रूप से ग्राहक के साथ नहीं हो

## G. संघर्ष खनिज

डोवर के आपूर्तिकर्ताओं को संघर्ष खनिजों वाले पदार्थों या उत्पादों की खरीदारी से संबंधित बिचौलियों की उत्पत्ति के संबंध में डोवर द्वारा किये गए यथोचित परिश्रम अनुरोधों पर सहयोग करना चाहिए, चाहे उन पदार्थों या उत्पादों का खनन या उत्पादन यूएस डॉड-फ्रैंक धरा 1502 के तहत डोवर की रिपोर्टिंग आवश्यकताओं के अनुपालन में शामिल देशों में किया गया हो या नहीं या पुनर्नवीनीकरण स्रोतों से प्राप्त किया गया हो। जहां खरीद आदेश या आपूर्ति समझौते में निर्दिष्ट हो, आपूर्तिकर्ता ऐसे उत्पाद, घटक, पुर्जे, और पदार्थ प्रदान करने के लिए डोवर की किसी भी आवश्यकता का पालन करेंगे जो क्षेत्र में सशस्त्र संघर्ष के समर्थन में शामिल देशों में खनन या उत्पादित किए गए संघर्ष खनिजों से मुक्त हों। अधिक जानकारी के लिए डोवर की संघर्ष खनिज नीति देखें।

"संघर्ष खनिज" टिन (कैसिटराइट), टंग्स्टन (वुल्फ्रामाइट), टैंटलम (कोलाम्बाईट-टैंटलाइट या कोल्टन), और सोना, और इन खनिजों से व्युत्पन्न धातुएं हैं। "शामिल देश", कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, अंगोला, बुरुंडी, मध्य अफ्रीकी गणराज्य, कांगो गणराज्य, रवांडा, दक्षिण सूडान, तंज़ानिया, युगांडा, और ज़ाम्बिया हैं।





## H. पर्यावरण

डोवर स्थायी प्रथाओं के माध्यम से शेयरधारकों और ग्राहकों के लिए आर्थिक मूल्य के निर्माण के प्रति प्रतिबद्ध है जो कि पर्यावरण, डोवर के कर्मचारियों, और जहां वह कार्य करती है वहां के समुदायों के दीर्घकालीन कल्याण का संरक्षण करती हों। डोवर के आपूर्तिकर्ताओं के लिए सभी प्रयोज्य पर्यावरण कानूनों, विनियमों, और मानकों का पालन करने और पर्यावरण पर किसी प्रकार के गंभीर प्रभाव को कम करने की आवश्यकता है। डोवर के आपूर्तिकर्ताओं को प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए भी प्रयास करना चाहिए, जिसमें पानी एवं ऊर्जा और अपशिष्टों एवं खतरनाक पदार्थों के उपयोग को कम या खत्म करना शामिल है।

## I. भीतरी जानकारी

यदि आपके पास ऐसी अंदरूनी जानकारी मौजूद हो, जो कि निवेश करने वाली जनता के पास उपलब्ध नहीं है और जिससे प्रतिभूति खरीदने या बेचने के लिए किसी निवेशक का निर्णय प्रभावित हो सकता है, (उदाहरण के लिए अनुबंध जीतने या हारने के बारे में जानकारी) तो आपको Dover या अन्य किसी कंपनी की प्रतिभूतियों को खरीदना या बेचना नहीं चाहिए। आप ऐसी अंदरूनी जानकारी ऐसे अन्य लोगों को भी नहीं दे सकते हैं जो कि उसका उपयोग प्रतिभूतियों को खरीदने या बेचने में कर सकते हों।

# डोवर की परिसंपत्तियों, जानकारी, और प्रतिष्ठा का संरक्षण

Dover के आपूर्तिकर्ताओं के लिए यह आवश्यक है कि वे Dover की जिस संपत्ति तक उनकी पहुँच है, वे उसका संरक्षण करें, रक्षा करें, और जिम्मेदारी से करें और उसे चोरी, नुकसान, हानि, और दुरूपयोग से बचाएं। इसमें भौतिक और अमूर्त परिसंपत्तियां जैसे आइडिया, नवाचार, प्रौद्योगिकी, ब्रांड, और गोपनीय जानकारी शामिल हैं।

## A. बौद्धिक संपदा

आपूर्तिकर्ताओं के लिए डोवर के साथ उनके अनुबंध के दौरान और उसके बाद दोनों समय बौद्धिक संपदा अधिकारों का सम्मान करने की आवश्यकता है। दूसरों से संबंधित पेटेंट, कॉपीराइट, और ट्रेडमार्क का प्रयोग मालिक की स्पष्ट अनुमति के बिना नहीं किया जा सकता है। प्रौद्योगिकी या तकनीकी जानकारी का कोई हस्तांतरण या साझाकरण, जानकारी की आवश्यकता के आधार पर और ऐसे तरीके से किया जाना चाहिए जिससे बौद्धिक संपदा अधिकारों का की सुरक्षा हो और जो स्थानीय कानून के अनुपालन में हों।

## B. गोपनीय जानकारी, डेटा सुरक्षा, और गोपनीयता

आपूर्तिकर्ताओं के लिए यह आवश्यक है, कि वे Dover की सभी मालिकाना और गोपनीय जानकारी की रक्षा करें, जिसमें ऐसी सभी लिखित या मौखिक जानकारी शामिल है, जिसके संरक्षण में डोवर का उचित व्यावसायिक हित निहित हो। इसमें तकनीकी, डिज़ाइन या प्रक्रिया डेटा, सुधार, नए उत्पाद, विकासात्मक उत्पाद, आविष्कार, मॉडल, मैन्युअल, तकनीकी जानकारी, वित्तीय डेटा, कीमत निर्धारण जानकारी, व्यवसाय विकास या अधिग्रहण योजनाएं, मार्केटिंग योजनाएं, परियोजना प्रथाएं, और ग्राहक और आपूर्तिकर्ता सूची शामिल हैं। आपूर्तिकर्ताओं के लिए उन सभी प्रयोज्य कानूनों का अनुसरण करने की आवश्यकता है जो कि डोवर द्वारा प्रदान जानकारी और डेटा के प्रबंधन को नियंत्रित करते हों, जिसमें गोपनीय और संवेदनशील जानकारी शामिल हो सकती है।

**खतरे के संकेत के उदाहरण**

- तृतीय पक्षों के साथ बिना गोपनीयता समझौते के गोपनीय जानकारी पर विचार-विमर्श करना
- अंतरराष्ट्रीय डेटा हस्तांतरणों में यूरोपीय संघ से व्यक्तिगत डेटा शामिल है
- बाहरी बैठकों में गोपनीय जानकारी का असावधानीवश प्रकटीकरण
- अरक्षित या असुरक्षित कंप्यूटर या मोबाइल उपकरण जिनमें कि डोवर की मालिकाना और गोपनीय जानकारी शामिल हो
- संदिग्ध स्रोतों से डेटा के लिए अनुरोध
- डेटा प्रसंस्करण और क्लाउड कम्प्यूटिंग के आपूर्तिकर्ताओं द्वारा गैर-पारदर्शी उप-अनुबंध
- सहभागिता के दायरे से परे या आपूर्तिकर्ता या दूसरों के लाभ के लिए डोवर की मालिकाना या गोपनीय जानकारी का प्रयोग

### C. रिकॉर्ड प्रबंधन और निरीक्षण, ऑडिट, और जांच में सहयोग

आपूर्तिकर्ताओं को लागू कानूनों के अनुरूप दस्तावेज़ और रिकॉर्ड बनाए रखने चाहिए, जिसमें खाते, गुणवत्ता रिपोर्ट, समय का रिकॉर्ड, खर्च की रिपोर्ट, और Dover, नियामक अधिकारियों, या अन्य लोगों को प्रस्तुतिकरण शामिल हैं। इसमें कानून और इस आपूर्तिकर्ता संहिता या किसी लंबित मुक़दमे, ऑडिट, या जांच से प्रासंगिक अनुपालन के प्रदर्शन के लिए अनिवार्य कोई भी दस्तावेजीकरण शामिल हैं। आपूर्तिकर्ताओं को डोवर या इस आपूर्तिकर्ता संहिता के साथ अनुपालन से संबंधित उसके किसी अधिकृत एजेंट द्वारा निरीक्षण, ऑडिट, और जांच के लिए अनुरोध में सहयोग करना चाहिए।

## निष्पक्ष और सुरक्षित कार्यस्थल बनाए रखें

### A. सुरक्षा

डोवर के आपूर्तिकर्ताओं के ऊपर प्रयोज्य स्वास्थ्य और सुरक्षा कानून और विनियम के साथ अनुरूपता में सुरक्षित, साफ़, और सुरक्षित कार्यस्थल को बढ़ावा देने और कार्य करने का दायित्व होता है। डोवर द्वारा उसके आपूर्तिकर्ताओं के लिए उत्पाद सुरक्षा और गुणवत्ता को नियंत्रित करते सभी प्रयोज्य कानूनों की जानकारी रखने, समझने, और अनुपालन करने की भी आवश्यकता है।

**खतरे के संकेत के उदाहरण**

- प्रयोज्य सुरक्षा विनियमों या नीतियों का अनुसरण करने में विफलता
- कार्यस्थल की असुरक्षित परिस्थितियां या प्रक्रियाएं जैसे प्रकट जोखिम, आपातकालीन द्वार का अवरुद्ध होना, या सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करने में विफल रहना
- शराब, अवैध मादक पदार्थों, या कर्मचारियों को उनका कार्य सुरक्षित रूप से करने में बाधा पहुंचाने वाले किसी पदार्थ का प्रयोग, धारण करने वाले, या उसके प्रभाव में कर्मचारी
- कर्मचारी आवास प्रदान करना जो कि गंदा, असुरक्षित हो, या जो बुनियादी ज़रूरतों को पूरा नहीं करता हो
- उत्पाद सुरक्षा और गुणवत्ता आवश्यकताओं का पालन करने में विफलता



### B. नैतिक रोज़गार प्रथा और गैर-भेदभाव नीति

Dover, विविध कौशल, विचारों, और पृष्ठभूमि के महत्व को मान्यता देता है, और यह आवश्यक बनाता है कि उसके आपूर्तिकर्ताओं का कार्यस्थल पेशेवर हो और भेदभाव, उत्पीड़न तथा दुर्व्यवहार से मुक्त हो। प्रत्येक आपूर्तिकर्ता को कर्मचारियों, अन्य श्रमिकों, और रोज़गार के आवेदकों के संबंध में निम्नलिखित कार्य करने चाहिए:

- प्रत्येक व्यक्ति से आदर और सम्मान से व्यव्हार करना चाहिए, और कानून द्वारा पूर्ण सीमा तक प्रदान समान अवसर देना चाहिए
- स्थानीय कानून द्वारा संरक्षित विशेषताओं के आधार पर नौकरी पर रखने और रोज़गार देने की प्रथाओं में भेदभाव नहीं करना चाहिए
- स्थानीय कानूनों के साथ अनुपालन में किसी समूह से स्वतंत्र रूप से संबंध रखने या नहीं रखने के अधिकार का सम्मान करना चाहिए
- प्रयोज्य कानूनों, नियमों, और विनियमों के साथ अनुपालन करना चाहिए
- बाल श्रम के संदर्भ में सभी प्रयोज्य स्थानीय कानूनों का अनुपालन करना चाहिए
- जबरन, बंधुआ, अनैच्छिक, कारावास, या करारबद्ध श्रम का प्रयोग नहीं करना चाहिए
- मानव तस्करी से संबंधित आपूर्ति श्रृंखलाओं से जानबूझकर सामग्रियों को प्राप्त नहीं करना चाहिए और अपने स्वयं के आपूर्तिकर्ताओं द्वारा इस आवश्यकता के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रयास करने चाहिए

**खतरे के संकेत के उदाहरण**

- न्यूनतम और अधिकतम मजदूरी, ओवरटाइम, और/या कानूनी रूप से अनिवार्य लाभ से संबंधित कानूनों का अनुपालन करने में विफल रहना
- उस देश में जहां कार्य किया जाता है 15 वर्ष से कम आयु के बच्चे को या अनिवार्य शिक्षा पूर्ण करने की निर्धारित आयुसीमा से कम आयु के बच्चे को रोज़गार या कार्य के लिए नौकरी पर रखना
- किसी ऐसे चिकित्सा परीक्षण की आवश्यकता रखना जिसका कि प्रयोग भेदभावपूर्ण तरीके से किया जा सकता हो, सिवाय वहां जहां प्रयोज्य कानून द्वारा आवश्यकता रखी गई हो या जहां कार्यस्थल की सुरक्षा के लिए तर्कसंगत हो
- मानव तस्करी या दासता से संबंधित आपूर्ति श्रृंखलाओं से सामग्री प्राप्त करना
- किसी ऐसे श्रमिक को रोज़गार देना जिसके नियोक्ता ने मजदूरी पर तब तक रोक लगाईं हो जब तक भर्ती शुल्क और संबंधित ब्याज का पुनर्भुगतान नहीं कर दिया जाता

# किस प्रकार से चिंताओं की रिपोर्ट की जाए

डोवर द्वारा इस आपूर्तिकर्ता संहिता के उल्लंघनों को गंभीरता से लिया जाता है। यदि किसी आपूर्तिकर्ता द्वारा इस आपूर्तिकर्ता संहिता में शामिल आवश्यकताओं का उल्लंघन किया जाता है, तो डोवर द्वारा संबंध को समाप्त किया जा सकता है। उपयुक्त मामलों में, दुर्व्यवहार के मामलों को Dover द्वारा उचित अधिकारियों के पास भी संदर्भित किया जा सकता है। आपूर्तिकर्ताओं को इस आपूर्तिकर्ता संहिता के ज्ञात या संदिग्ध उल्लंघन की सूचना देनी चाहिए; डोवर हॉटलाइन का प्रयोग किया जा सकता है।

**चिंताओं की रिपोर्ट करना**

- *डोवर की वैश्विक हॉटलाइन</1520>1-800-495-1775 (यूएस से कॉल के लिए)*
- *वेब आधारित रिपोर्ट*www.thedoverhotline.comके माध्यम से
- डोवर कॉर्पोरेशन, 3005 हाईलैंड पार्कवे, सुइट 200, डोनर्स ग्रोव, आईएल यूएसए 60515 को *मेल*, सावधान: विधि विभाग

जहां स्थानीय कानून द्वारा अनुमत हो आप गुमनाम रूप से रिपोर्ट कर सकते हैं। कृपया ध्यान रखें कि आप जितनी अधिक जानकारी प्रदान करेंगे, Dover के लिए आपकी रिपोर्ट पर जांच करना और उचित प्रक्रिया देना उतना ही आसान होगा। जब तक स्थानीय कानून द्वारा अन्यथा आवश्यक न हो, Dover, उल्लंघन की रिपोर्ट पर गोपनीय रूप से व्यवहार करेगा।